Regarding need to expedite allocation of budget for revival of Nalanda University-Laid

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : आम बजट जुलाई, 2024 की बजट घोषणा में नालंदा के प्राचीन ऐतिहासिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक महत्व का लाभ उठाने के लिए नालंदा विश्वविद्यालय पूर्व के गौरव को पुनर्जीवित करने के साथ ही वहाँ के ऐतिहासिक स्मारकों एवं राजगीर के लिए व्यापक विकास का प्रस्ताव है । राजगीर हिन्दुओं, बौद्ध धर्म और जैन धर्म के अनुयायियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है । राजगीर की मान्यता एक पवित्र स्थल के रूप में है । नालंदा में प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के मौजूद अवशेष यूनेस्को की विश्व धरोहर हैं । यह हमारे लिए गौरव की बात है । 5 वीं शताब्दी में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय 12 वीं सदी तक विश्व के विद्वानों का केन्द्र हुआ करता था । अगर नालंदा में योजनाबद्ध तरीके से विकास किया जाता है तो वहाँ दुनिया भर के छात्र और विद्वान आकर्षित होंगे, यह लोगों को पर्यटन के लिए भी आकर्षित करेगा और नालंदा के समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति पर्यटक आकर्षित होंगे और वहाँ रोजगार के भी अवसर मिलेगें । अतः माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि बजट घोषणा के प्रस्ताव को जल्द से जल्द मूलरूप देने की कृपा करें ।